प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
26.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- दिल्ली व हिमाचल पुलिस विवाद को लेकर प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज़।
- कांग्रेस ने हिमाचल पुलिस की कार्रवाई को ठहराया उचित– भाजपा ने प्रदेश पुलिस की कार्रवाई को गैर–कानूनी करार दिया।
- ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 प्रकरण में दिल्ली पुलिस की वैधानिक कार्रवाई में प्रदेश पुलिस के हस्तक्षेप को लेकर भाजपा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन।
- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।
- बीड़ बिलिंग में तीन दिवसीय यू.सी.आई. अंतर्राष्ट्रीय मांउटेन बाइकिंग प्रतियोगिता शुरू।

पुलिस कार्रवाई

दिल्ली और हिमाचल पुलिस के बीच हुए विवाद को लेकर प्रदेश में राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार हिमाचल पुलिस की कार्रवाई को उचित बता रही है, दूसरी ओर भाजपा ने प्रदेश पुलिस की कार्रवाई को गैर–कानूनी करार दिया है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने हिमाचल और दिल्ली पुलिस प्रकरण को लेकर भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। नाहन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की हर मामले पर टिप्पणी करना पुरानी आदत बन गई है। जगत सिंह नेगी ने हिमाचल पुलिस की कार्रवाई को उचित ठहराते हुए कहा कि बिना वर्दी और स्थानीय पुलिस को सूचित किए बगैर लोगों को उठाना जायज नहीं है।

***जय राम जी हर चीज का जो है दावा करते हैं और उनको किसी ने अधिकृत नहीं किया है। हर दिन हर बात पर टिप्पणी करे। अब लॉ एंड ऑर्डर का प्रॉब्लम है। बाहर से कई लोग बिना वर्दी में आके, बिना कोई ऑथोरिटी के आके लोगों को उठानेवाले जाएंगे,क्या हमारा दायित्व नहीं है स्टेट का कि गुंडागर्दी को रोका जाए। कल को कोई बाहर से आकर इन्हीं को उठाकर ले जाए, उस टाइम हम रोकेंगे तो वो ये ही कहेंगे कि ये सिर्फ राहुल गांधी जी को खुश करने की बात है। खुशबू करने की बात नहीं है कानून कायदा की बात है। आपके पास वारंट होना चाहिए,वर्दी में आयेंगे,इख्तेलाह कटके जाए स्थानीय पुलिस स्टेशन की हमारे ये केस है। आप ऐसे ही उठाके के जायेंगे लोगों को कौन है क्या पता।***

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भी दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को गैर–कानूनी करार दिया है।

बिंदल / रणधीर

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि भारत मंडपम में आयोजित ए.आई समिट प्रकरण में जिन लोगों पर भारत की छवि धूमिल करने के गंभीर आरोप हैं, उन्हें सरंक्षण देने के लिए प्रदेश सरकार ने कानून के रखवालों को ही आमने–सामने खड़ा कर दिया है। ऊना में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने वालों को बचाने के लिए अगर सरकार पुलिस बलों को टकराव की स्थिति में लाए तो इससे बड़ा संवैधानिक संकट कुछ नहीं हो सकता। बिंदल ने राज्य सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप भी लगाया।

भाजपा नेता व विधायक रणधीर शर्मा ने प्रदेश पुलिस द्वारा दिल्ली से आई पुलिस टीम को विधिसम्मत कार्रवाई करने से रोकने और उनके साथ अभद्र व्यवहार किए जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ए.आई समिट में विश्व पटल

पर भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई दी। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया प्रदर्शन देश की छवि को धूमिल करने वाला राष्ट्र विरोधी कृत्य था।

ज्ञापन

प्रदेश भाजपा ने ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 प्रकरण में दिल्ली पुलिस की वैधानिक कार्रवाई में कथित हस्तक्षेप के मामले को लेकर आज लोकभवन शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा द्वारा लोकभवन शिमला में राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में केन्द्र सरकार के माध्यम से इस घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में जयराम ठाकुर ने कहा कि ए.आई. इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन से देश की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के इस राष्ट्रविरोधी कृत्य के संबंध में दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज हुई और दिल्ली पुलिस ने इस मामले की विधिसम्मत कार्रवाई प्रारम्भ की। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार ने अगर राजनीतिक कारणों से पुलिस तंत्र का उपयोग किया है तो ये संविधान की शपथ का उल्लंघन है। उन्होंने प्रदेश सरकार के इस तरह के व्यवहार को अनुचित करार दिया।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज ऊना जिला में हरोली क्षेत्र की कुंगड़त पंचायत में निर्मित नए पंचायत सामुदायिक केन्द्र के भवन का लोकार्पण और बीटन पंचायत में सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास किया। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतें लोकतंत्र की आधारशिला हैं और पंचायत सामुदायिक केन्द्र ग्रामीण विकास गतिविधियों के सशक्त केन्द्र के रूप में कार्य करते हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायतों को अधिक संसाधन, आधुनिक सुविधाएं और प्रशासनिक मजबूती प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि भौगोलिक कठिनाईयों और प्राकृतिक आपदा जैसी चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार दूर–दराज क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण व प्रभावी शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। ये बात आज उन्होंने शिमला में समग्र शिक्षा के तहत आयोजित यूनेस्को एच.पी. फ्यूचर्ज परियोजना की संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में शुरू की गई ये परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और राष्ट्रीय करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य समावेशी भविष्य के लिए तैयार और जलवायु संवेदनशील पी.एमश्री व अन्य विद्यालयों का विकास करना है।

राजेश धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के नवाचारों को साकार रूप प्रदान करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास कर रही है। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में दो करोड़ रूपए के इनोवेशन फंड से युवाओं के नवाचारों को बढ़ावा दिया जाएगा और इस पहल से स्टार्टअप इको सिस्टम को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने तकनीकी शिक्षा बोर्ड को बाजार की मांग के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश भी दिए।

प्रतियोगिता

कांगड़ा जिला की बीड़ बिलिंग घाटी में आज से यू.सी.आई. अंतर्राष्ट्रीय मांउटेन बाइकिंग प्रतियोगिता आरंभ हुई। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में जापान, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाइलैंड सहित सात देशों के प्रतिभागियों सहित आईटीबीपी व भारतीय सेना के एक सौ 17 साइकिलिस्ट भाग ले रहे हैं। बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

यादविंद्र गोमा

आयुष, युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने आज राजकीय वल्लभ डिग्री कॉलेज मंडी में तीन दिवसीय अखिल भारतीय सिविल सेवाएं कुश्ती चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 25 टीमों के लगभग 5 सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर यादविंद्र गोमा ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान

प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों की सम्मान राशि में कई गुणा बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि मंडी जिला में मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत 26 खेल मैदानों के निर्माण पर लगभग 3 करोड़ 90 लाख रूपये की राशि खर्च की गई है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- दिल्ली व हिमाचल पुलिस विवाद को लेकर प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज़।
- कांग्रेस ने हिमाचल पुलिस की कार्रवाई को ठहराया उचित– भाजपा ने प्रदेश पुलिस की कार्रवाई को गैर–कानूनी करार दिया।
- ए.आई. इम्पैक्ट समिट 2026 प्रकरण में दिल्ली पुलिस की वैधानिक कार्रवाई में प्रदेश पुलिस के हस्तक्षेप को लेकर भाजपा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन।
- उपमुख्यमंत्री मकेश अग्निहोत्री ने कहा– ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।
- बीड़ बिलिंग में तीन दिवसीय यू.सी.आई. अंतर्राष्ट्रीय मांउटेन बाइकिंग प्रतियोगिता शुरू।